हिन्दी सान्ध्य दैनिक   जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–171 : जौनपुर, गुरुवार 09 मार्च 2023   सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )   पेज –4   मूल्य : 2 रुपया

## भू–माफिया को सिखाएं करारा कानूनी सबक : जनता दरबार में सीएम ने सुनीं समस्याएं

गोरखपुर ब्यूरो : चार दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह हरहाल में सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कोई भू माफिया अवैध कब्जा न कर पाए। इसके लिए जरूरी है कि भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाया जाए। जमीन कब्जाने से संबंधित शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया सबकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने 500 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक कार्रवाई का भरोसा दिया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं जमीनी विवाद व कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थीं। मुख्यमंत्री ने इत्मीनान से उनकी परेशानी जानी और अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्रवाई करें कि कोई भी दबंग जमीन कब्जा करने की जुर्रत न कर आए। जमीन के आपसी विवाद के मामलों में उन्होनें पक्षों के बीच कॉउंसलिंग करने और तदुपरांत यथोचित विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अपराध व जमीनी विवाद संबंधी शिकायतों को लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया 'घबराइए मत, सख्त कार्रवाई की जाएगी।' इस दौरान मुख्यमंत्री साथ चल रहे अधिकारियों को प्रार्थना पत्र की पत्रियां उनके अधिकार क्षेत्र के साथ सौंपते रहे और कार्रवाई के लिए जरूरी दिशा निर्देश देते रहे। अन्य जिलों से संबंधित शिकायतों को उन जिलों के अफसरों को भेजने के निर्देश दिए। सीएम ने जनता दर्शन में राजस्व से संबंधित शिकायतों



पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश और राजस्व संबंधी मामलों का तहसीलों में निस्तारण तेज किया जाए। जहां जरूरत पड़े पुलिस बल भी साथ लिया जाए। उन्होंने थानों और तहसीलों में समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण समाधान के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरपूर मदद का भरोसा दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराकर शासन को भेजें। सरकार इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने देगी। सीएम योगी के साथ खेलने लगा बच्चा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाल प्रेम के लिए भी विख्यात हैं। बच्चों के बीच सारे प्रोटोकॉल किनारे कर उन्हें दुलारना, उपहार के साथ आशीर्वाद देना उन्हें खूब भाता है। बच्चे भी सीएम योगी से खूब घुलमिल जाते हैं। गुरुवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर एक महिला के साथ आए बच्चे पर पड़ गई। उन्होंने बच्चे को दुलारा तो वह खूब खुश हो गया। फिर क्या था, सीएम व बालक भाव विह्वल होकर एक दूसरे के साथ खेलने लगे। कुछ देर दुलारने के बाद मुख्यमंत्री ने उसे चॉकलेट गिफ्ट कर आशीर्वाद दिया।

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री के भांजों पर जानलेवा हमला : एक की हालत गंभीर : हायर सेंटर के लिए रेफर

बिजनौर ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री के भांजों पर घर में घुस कर कुछ युवकों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हमले में दो युवक घायल हो गए, जबकि एक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र घनश्याम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आठ मार्च को शाम में करीब चार बजे उसका भाई देवेंद्र घर में बैठा हुआ था, तभी गांव के संजीव कुमार पुत्र वीर सिंह, प्रिंस पुत्र संजीव कुमार, जयप्रकाश पुत्र मथुरा व बहादुर पुत्र संतराम जान से मारने की नियत से धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और मेरे भाई देवेंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि भाई को बचाने गया तो उन्होंने उसे भी पीटना शुरू कर दिया और जाते–जाते चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।



पुलिस ने पीड़ित दिनेश कुमार पुत्र घनश्याम की तहरीर पर उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि दिनेश कुमार व देवेंद्र कुमार भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के भांजे हैं। उधर, थाना प्रभारी ने बताया कि चारों आरोपी संजीव, प्रिंस, जयप्रकाश व बहादुर के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जौनपुर की सरहनीय पहल से रूका बाल विवाह

जौनपुर डी.के.यू. ब्यूरो :अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जिलाधिकारी द्वारा नामित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी को एक गुप्त शिकायतकर्ता द्वारा सूचना प्राप्त हुई विजय पैलेस गुप्ता एंड कंपनी के बगल में प्रयागराज रोड मुंगराबादशाहपुर में एक बाल विवाह हो रहा है जिसमें लड़का पक्ष प्रयागराज तो लड़की पक्ष जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित है। प्राप्त सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा उक्त प्रकरण की जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार मछलीशहर मूसाराम के नेतृत्व में बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, एंट्री ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी विभूति नारायण राय की टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर शिकायत की जांच अभिलेखों की सत्यता के पश्चात नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिस के क्रम में तहसीलदार मछलीशहर मूसाराम, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन राजकुमार पांडेय, एंट्री ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जौनपुर से गायत्री प्रसाद यादव मौके पर गए एवं लड़के लड़की के उम्र के प्रमाण हेतु दस्तावेज मांगा गया। इस पर लड़की के पिता ने बताया कि लड़की अभी नाबालिक है और उसका जन्म वर्ष 2007 का है उन्हें अवगत कराया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी बाल विवाह की श्रेणी में आता है एवं कार्यक्रम स्थल विजय पैलेस के मालिक मयंक पांडेय को भी बताया गया बाल विवाह में उम्र का निर्धारण किया गया है। मयंक पांडेय ने स्वयं कार्यक्रम को कैंसिल करते हुए बताया जब लड़की बालिक होगी तब शादी के लिए आइएगा तत्पश्चात लड़का पक्ष को भी स्थितियों से अवगत कराया गया और सभी लोग बाल विवाह को न करने हेतु सहमत हो गए।इस प्रकार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जौनपुर की सरहनीय पहल से रूका बाल विवाह।

## नव अंशिका महिला होलिकोत्सव मनाया गया: रेलविहार गोमती नगर में मनायी गई सर्वसमाज की होली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला महिला माह की की दूसरी कड़ी के अवसर पर बुधवार 8 मार्च को महिला दिवस और होलिकोत्सव के पावन संयोग पर रंगारंग कार्यक्रम रेल विहार कॉलोनी में आयोजित किया गया। दरअसल महिला दिवस बुधवार को इस साल मनाया जा रहा है ऐसे में मार्च माह के हर बुधवार को "मिशन शक्ति" को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। एक मार्च को जहां घरों में कार्य करने वाली श्रमजीवी महिलाओं का सम्मान किया गया था। इस क्रम में अब 15, 22 और 29 मार्च को भी कार्यक्रम होंगे। नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू मनोज की अगुआई में 8 मार्च को होलीकोत्सव के कारण ऑनलाइन नव अंशिका मिशन शक्ति के संग होली के रंग महिला दिवस के संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही रेल विहार कॉलोनी में परिसर के पास सर्व समाज के साथ मिल कर होली मनायी गई। उसमें आशा शुक्ला, अनुकंपा, उपाध्यक्ष नीरा लोहनी, रेनू, राव आंटी, पम्मी, डॉ.दीक्षा चौधरी समाज कल्याण विभाग से डॉ.अनु सिंह सहित अन्य शामिल रहे। इसमें हर उम्र की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया जिसमें अस्सी साल की वरिष्ठजन तक शामिल रही। इस होलिकोत्सव में समाज के वंचित महिलाओं को भी रंग लगाकर होली की बधाइयां दी गई। नीशू मनोज ने बताया कि 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला यश अर्जित करने वाली बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान दिया जाएगा।





उनकी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरों को भी राह दिखायी जाएगी। 22 मार्च को नवरात्र पर आधारित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नृत्य प्रस्तुतियां करवायी जाएंगी। 29 मार्च को पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिला को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। उनकी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरों को भी राह दिखायी जाएगी। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इसके लिए फोन नम्बर 9721700025 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बेस्ट सेल्फी कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। उसमें बेस्ट टॉप तीन सेल्फी विजेता को आकर्षक उपहार दिया जाएगा। सेल्फी भेजने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2023 है। इसके लिए सोशल मीडिया पर नव अंशिका फाउंडेशन को टैग भी करना होगा।

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना से सनसनी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पचदेवरा थाना क्षेत्र में मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तीन घंटे बाद मासूम अर्धनग्न हालत में खून से लथपथ मिली। उसे परिजन आनन फानन इलाज के लिए शाहजहांपुर लेकर भागे, लेकिन मासूम ने कांट कस्बे के पास ही दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, मासूम बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। वहीं,घर के बड़े होली मिलन में मशगूल थे। इसी बीच बुधवार की शाम करीब सात बजे मासूम गायब हो गई। परिजनों ने समझा कि मासूम गांव में ही रहने वाली अपनी बुआ के यहां चली गई हैं। जब वह कुछ समय बाद घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। बच्ची के गायब होने की जानकारी गांव में भी फैल गई। ग्रामीणों ने मासूम को ढूंढना शुरू किया। खून से लथपथ हालत में मिली करीब तीन घंटे बाद मासूम अर्धनग्न हालत में खून से लथपथ अपने घर के बाहर पड़ी मिली। कुछ दूरी पर उसकी चप्पलें भी पड़ी हुई थी। मासूम की हालत देख घबराए परिजन उसे लेकर शाहजहांपुर इलाज के लिए भागे। कांट पहुंचते ही बालिका ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय मासूम की मौत हो गई। प्रतीत हो रहा हैं कि उसके साथ अमानवीयता की गई है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार की ओर से मिली तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मासूम के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब वह रात को खेत से लौटा, तो उसकी बेटी घर के दरवाजे के एक ओर अर्धनग्न हालत में बेहोश पड़ी थी। पिता ने बताया कि उसकी बेटी मृत अवस्था मे थी, लेकिन पास में एक लावा मोबाइल भी पड़ा था। पीड़ित पिता के मुताबिक उसके भाई व नौकर ने बताया कि जब मासूम खेल रही थी, तो गांव का लड़का कृष्णा पाठक (25) वहां मौजूद था। मासूम के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी कृष्णा पाठक ने ही उसकी बेटी को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने नहीं की गिरफ्तारी की पुष्टि पचदेवरा क्षेत्र में मासूम के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पारिवारिक चाचा कृष्णा पाठक के घर से बालिका के कपड़े बरामद किए। साथ ही उसके घर में कमरे के अंदर चारपाई पर खून भी मिला। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं।

## दो जगह सड़क हादसों में पांच की मौत : मचा कोहराम

बस्ती ब्यूरो : दो अलग–अलग मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। वाल्टरगंज थाने के बरहुवा गांव के पास दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान हो गई है। जिसमें एक सुधांशु मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा निवासी कनेथू थाना सोनहा बस्ती, दूसरा सूरज 21 पुत्र मुरली निवासी गुलजार पुरवा थाना गोंडा और तीसरा जियालाल 32 पुत्र कन्हैयालाल निवासी पुरानी बाजार तुलसीपुर बलरामपुर शामिल है। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को देने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सुधांशु मिश्रा निवासी कनेथू थाना सोनहा की माता कैली अस्पताल में आशा हैं। एक प्रसव के लिए अस्पताल गई थी। बुधवार की रात उनका बेटा उन्हें लाने जा रहा था। रास्ते में बरहुवा के पास सामने से आई बाइक से टक्कर हो गई। थानेदार नारायण लाल ने बताया कि हादसे में घायल बाइक सवार तीनों युवकों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बच सकी। वहीं दूसरी घटना में पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो की मौत हो गई। कलवारी थानाक्षेत्र के शिव चौराहे के पास पिकअप व बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें पल्सर सवार आशीष मिश्रा पुत्र आलोक मिश्रा उम्र 17 वर्ष निवासी कटरा बाईपास डमरूआ थाना कोतवाली, प्रेम पांडेय पुत्र चंद्रबली पांडे उम्र 22 वर्ष निवासी भानपुर बाबू थाना सोनहा, अभिषेक पुत्र महेंद्र 22 वर्ष निवासी कटरा थाना कोतवाली गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही कलवारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर डॉक्टरों ने आशीष मिश्रा पुत्र आलोक मिश्रा उम्र 17 वर्ष निवासी कटरा बाईपास डमरूआ थाना कोतवाली, प्रेम पांडेय पुत्र चंद्रबली पांडे उम्र 22 वर्ष निवासी भानपुर बाबू थाना सोनहा को मृत घोषित कर दिया। वहीं अभिषेक पुत्र महेंद्र 22 वर्ष निवासी कटरा थाना कोतवाली गंभीर रूप से घायल को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। कलवारी पुलिस ने बताया घटना में दोनों की मौत हो गई है। तीसरे की इलाज गोरखपुर में चल रहा है। वही पिकअप व पल्सर बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## भूरे श्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह : उड़े–रंग गुलाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बुधवार की शाम को प्रसिद्ध शिव मंदिर भूरेश्वर महादेव में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें शामिल लोगों ने एक–दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह और भजन संध्या का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन व संचालन अतुल कपूर ने किया। पंडित नरेश चंद्र मिश्रा, कृष्ण मुरारी पांडे, फूल सिंह यादव ,होरी लाल हलवाई ,बालकृष्ण गुप्ता ,रामेश्वर शर्मा ,पंडित दिनेश चंद्र किताब वाले ,धीरज गुप्ता ,दिनेश गुप्ता, लंबे पंडित, अध्यापक अरुण शुक्ला, अवधेश रस्तोगी, राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र मिश्रा , पिंकू पंडित, गोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह ,प्रदीप राठौर ,अनु शर्मा, जगदीश गुप्ता ,संतोष मिश्रा, भूरेश्वर महादेव मंदिर के महंत हर किशोर द्विवेदी ,शालू द्विवेदी , स्वतंत्र बाजपेई, डॉ. अम्बरीष ,गुलशन जोशी, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## गोमती नदी में नहाने गये चार युवक डूबे : मौत से मचा कोहराम

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गोमती नदी में नहाने गये चार युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गयी । घटना सीताकुंड घाट की है । जहां पर चार युवक शक्ति राठोर पुत्र अनिल राठौर 17वर्ष , अमित राठोर 36 , गया प्रसाद पुत्र राम सहाय अपने एक अन्य साथी के साथ नहाने



गये थे । नदी में नहाते समय चारों डूब गये । स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस और एस डी आर एफ की टीम पहुंच कर युवकों को खोजने में जुट गयी । काफी देर बाद चारों युवको की लाश नदी से बरामद की गयी । शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया ।

### सड़क किनारे गड्ढे में पलटी कार : एक की मौत

वाराणसी ब्यूरो : मड़िहान थाना क्षेत्र के राजापुर गांव के पास मंगलवार को दोपहर में कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। गड्ढे में कार पलटने से उसमें सवार चालक व दर्शनार्थी समेत पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल कर सवारों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंडलीय अस्पताल में डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर चले गए। जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के जरौना गांव से पुष्पेंद्र यादव अपने साथियों के साथ कार से मंगलवार को सोनभद्र के डाला स्थित मंदिर में दर्शन करने निकले थे। दर्शन करने के बाद कार सवार घर लौट रहे थे। सोनभद्र मार्ग पर मड़िहान थाना क्षेत्र के राजापुर गांव के पास कार अनियंत्रित हाकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने ग्रामीणों की मदद से सभी पांच घायलों पुष्पेंद्र यादव (23), आशीष यादव (24), अजय पांडेय (24), अंकित उपाध्याय (30) व भदोही निवासी सोनू श्रीवास्तव (26) को बाहर निकाला। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। घायलों को तत्काल सीएचसी मड़िहान भेजवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। थानाध्यक्ष शैलेंद्र राय ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हुई है। चार लोग घायल हो गए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सहन करनें से साहस का गुण स्वतः आ जाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आधी आबादी : प्रतिमाओं में भी महिलाओं की उपेक्षा

देश के विभिन्न शहरों में पुरुष नेताओं, समाज सेवियों, शहीदों की प्रतिमाएं खूब दिखती हैं, लेकिन महिलाओं की प्रतिमाएं गिनी–चुनी ही हैं।

आपको देश के लगभग सभी छोटे–बड़े शहरों–महानगरों में नेताओं, समाज सेवियों, रणभूमि के वीरों वगैरह की मूरतें देखने को मिलेंगी, लेकिन इस मोर्चे पर भी आधी दुनिया के साथ बड़ा अन्याय हुआ। उनकी मूरतें बहुत कम देखने को मिलती हैं। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की अश्वारोही प्रतिमाएं दिल्ली और ग्वालियर के अलावा कई शहरों में मिलती हैं। सदाशिव साठे अश्वारोही प्रतिमाएं गढ़ने में सिद्धहस्त थे। उन्होंने रानी लक्ष्मी बाई की कई शहरों में लगी मूरतें बनाई थीं।

महात्मा गांधी ने 12 मार्च, 1930 को दांडी यात्रा शुरू की थी, जिसकी याद में दिल्ली के सरदार पटेल मार्ग–मदर टेरेसा क्रिसेंट पर महान मूर्तिकार देवीप्रसाद राय चौधरी की अप्रतिम कृति 'ग्यारह मूर्ति' स्थापित है। ग्यारह मूर्ति में बापू के साथ मातंगीनी हजरा और सरोजनी नायडू को भी दर्शाया गया है। मातंगीनी हजरा महान क्रांतिकारी थीं। गोरी सरकार की पुलिस ने 29 सितंबर, 1942 को पूर्वी मिदनापुर जिले में उन्हें गोली मार दी थी। सरोजनी नायडू गांधी जी के साथ नोआखली में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए भी गई थीं। वह उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल भी बनीं।

इस बीच, संसद भवन के गेट नंबर पांच पर इंदिरा गांधी की 16 फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमा 27 जनवरी, 1996 को स्थापित की गई थी। इसे महान मूर्तिकार राम सुतार ने तैयार किया था। संसद भवन में ही कर्नाटक के कित्तूर की रानी चेन्नम्मा की भी प्रतिमा मिलती है। रानी चेन्नम्मा ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ अपनी सेना बनाकर लड़ी थीं। उन्हें दक्षिण भारत की लक्ष्मी बाई कहा जाता है। उनकी मूरत 11 सितंबर, 2007 को संसद भवन में स्थापित हुई थी।

इन्हें छोड़कर देश के अधिकतर शहरों में महान महिलाओं की मूरतें नहीं मिलती हैं। राम सुतार को भी हैरानी हुई कि देश में आधी दुनिया की शख्सियतों की मूर्तियां क्यों नहीं बनीं और स्थापित हुईं। उत्तर प्रदेश में मायावती ने कई शहरों में अपनी मूरतें लगवाईं, जिसे लेकर काफी विवाद भी हुआ। वैसे मदर टेरेसा की एक मूरत कोलकाता के आर्क बिशप हाउस में है। हो सकता है कि किसी इमारत या संस्थान के परिसर में किसी अन्य मशहूर महिला की मूरत स्थापित हो, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर ये कभी–कभार ही देखने को मिलती हैं।

आपको राजधानी के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 'माता जी' की आदमकद मूर्ति मिलेगी। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के भीतर एक महिला की बड़ी–सी प्रतिमा स्थापित है। इसे देखकर लगता है कि ये यहां की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही हैं। इस मूरत को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज बिरादरी माताजी कहती है। दरअसल यह लेडी हार्डिंग की प्रतिमा है। उन्हीं के प्रयासों से सात फरवरी, 1916 को यह मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ था, हालांकि इसकी नींव 17 मार्च, 1914 को ही रखी गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ साल पहले बनारस में काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करते हुए इंदौर की देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित की थी। अहिल्याबाई की प्रतिमा संसद भवन में वर्ष 2006 में स्थापित हुई थी। दिल्ली में कनॉट प्लेस के पास पंचकुंइयां रोड में एक सड़क का नाम अहिल्याबाई होलकर मार्ग रखा गया है। देवी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में अनेक मंदिरों व धर्मशालाओं का निर्माण करवाया था। कहा जाता है कि वह सन 1780 में कुरुक्षेत्र तीर्थयात्रा के दौरान राजधानी दिल्ली भी आई थीं।

इसके अलावा आप राजधानी दिल्ली में रिजर्व बैंक बिल्डिंग के बाहर यक्ष–यक्षी की मूरतें देखेंगे। इन्हें रामकिंकर बैज ने बनाया था। किंकर आधुनिक भारतीय मूर्ति कला के जनक थे। उन्होंने बड़े ही मन से इन्हें तैयार किया था। इन प्रतिमाओं को तैयार करने के लिए पत्थर लेने की खातिर उन्होंने कई हफ्ते हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ नाम के स्थान की खाक छानी थी। 1970 में लगी यक्ष–यक्षी की प्रतिमा को अब आधी सदी हो रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में नवजात को टीका लगाने से हुई थी मौत : सीएमओ ने मांगी रिपोर्ट

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में करीम नगर चरगांवा के ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में टीका लगने से हुई नवजात की मौत मामले में जांच शुरू हो गई है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नंदलाल कुशवाहा को जांच के निर्देश दिए हैं। एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। गगहा के रहने वाले सौरभ कुमार राय ने रविवार को सात दिन के



नवजात को ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में टीका लगवाया था। आरोप है कि टीका लगने के कुछ ही देर बाद नवजात की तबीयत बिगड़ गई। परिजन एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां पर बाल रोग विभाग में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। मामले में सीएमओ ने एक सप्ताह में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, इस मामले में सौरभ ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि दो और बच्चों को भी उसी दिन टीका लगाया गया था, उनकी भी तबीयत खराब हो गई थी। हालांकि, दोनों के परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की है। दोनों बच्चों की हालत अब स्थिर है। स्वास्थ्य विभाग की टीम यह भी देखेगी की अस्पताल का संचालन सरकारी अस्पताल के डॉक्टर तो नहीं कर रहे हैं। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि नवजात को जो टीका लगाया गया, उसकी जांच के लिए निर्देशित किया गया है। टीके का कोल्ड चेन मेंटन किया गया था या नहीं। अस्पताल में टीका रखने की व्यवस्था है या नहीं। बाल रोग विशेषज्ञ या प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी ने टीका लगाया था या नहीं। इन सभी बिंदुओं पर जांच की जाएगी।

## अनियंत्रित कार ने दो बाइकों में मारी ठोकर : हादसे में मां–बेटे की दर्दनाक मौत : तीन घायल

बहराइच ब्यूरो : बहराइच जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा मोड बौंडी मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास ब्रेजा कार ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे में मां और बेटी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ी के बढहिनपुरवा निवासी सुरेंद्र कुमार व गुड्डू अलग–अलग बाइक से होली के निमंत्रण के लिए ससुराल कैसरगंज थाना क्षेत्र के सफीपुर हसना जा रहे थे। बौंडी–मरौचा संपर्क मार्ग पर स्थित पेट्रोल टंकी के निकट अनियंत्रित ब्रेजा कार ने दोनों की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें सुरेंद्र कुमार की पत्नी रंगीता (32), बेटा ऋषभ (03) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुरेंद्र कुमार (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार पर गुड्डू उर्फ पवन कुमार (36) व तीन वर्षीय




अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना अध्यक्ष ने बताया घायल सुरेंद्र कुमार, गुड्डू व अभिषेक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है जबकि मृतक रंगीता व ऋषभ को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। ब्रेजा कार को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में तहरीर मिली है। मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में लखनऊ के तीन युवकों की मौत : एक गंभीर

बाराबंकी ब्यूरो : रामनगर और कुर्सी इलाकों में बुधवार को होली के दिन हुए सड़क हादसों में लखनऊ जिले के तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। रामनगर पुलिस के मुताबिक, बाराबंकी–बहराइच हाईवे पर बुधवार दोपहर करीब एक बजे रानी बाजार चौराहे के पास तेज रफ्तार इनोवा कार ने बाइक सवार युवक के पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर पुलिस ने युवक को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लखनऊ जिले थाना हसनगंज के आईटी चौराहा निवासी सूरज कुमार (40) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। इंस्पेक्टर रामनगर बृजेश वर्मा ने बताया कि टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग गया है। पता लगाया जा रहा है। वहीं, कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा स्थित पेट्रोल पंप के निकट बुधवार को दिन में तीन बजे दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार लखनऊ के अलीगंज निवासी पिंटू गुप्ता ( 24) व दूसरी बाइक पर सवार इंटोजा थाना के गोहाना गांव निवासी सुनील (26) व थाना बीकेटी के भैसामाउ निवासी छोटू गंभीर (22) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां पर चिकित्सकों ने पिंटू व सुनील को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बाइक चला रहे दोनों युवक हेलमेट लगाए थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला युवक का शव : गांव में हड़कंप : जांच में जुटी पुलिस

आजमगढ़ आजमगढ़ में गंभीरपुर थाना क्षेत्र के उत्तरगांवा गांव निवासी उधम चौहान (22) पुत्र महेंद्र चौहान का शव बुधवार की देर रात पेड़ से लटका मिला। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा और घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई। बुधवार को जहां लोग पूरे दिन होली खेलने में मशगूल रहे वहीं गंभीरपुर थाना क्षेत्र के उत्तर गांवा गांव निवासी गुरुवार की सुबह जब खेतों की ओर जा रहे थे। तो उन्होंने बेर के पेड़ से उधम चौहान का शव लटकते हुए देखा। धीरे–धीरे यह खबर पूरे गांव में फैल गई। मौके पर काफी संख्या में लागों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई इसे लेकर चर्चाएं कर रहा था। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोटस्टमार्टक को



भेजा। मौके पर पहुंचे उधम चौहान के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। मृतक उधम चौहान पांच भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। वहीं अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं सका है। पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## मुस्लिम हॉस्टल किया गया सील: कमरों में रखीं कॉपी किताबें : छात्र परेशान

प्रयागराज ब्यूरो : मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के सभी 107 कमरे सील कर दिए गए हैं। छात्रों की कॉपी–किताबें और जरूरत के अन्य सामान इन कमरों में बंद हो गए हैं। स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शुरू होने जा रहीं हैं। ऐसे में छात्र परेशान हैं कि कमरों से कॉपी–किताबें कैसे निकालेंगे। छात्रों का कहना है उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्रवाई से सहमे ज्यादातर छात्र हॉस्टल छोड़कर अपने घर चले गए थे। पांच मार्च को अचानक कमरे खाली करने का नोटिस दे दिया गया। हॉस्टल में दूसरे जिलों और राज्यों के छात्र रहते हैं। उनकी कॉपी–किताबें, कंप्यूटर, लैपटॉप, परिचय पत्र और जरूरत के अन्य सामान कमरों ही रखे हैं। हॉस्टल में पूर्वांचल के गाजीपुर, बलिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर आदि जिलों के छात्र रहते हैं। इसके अलावा सुल्तानपुर, लखनऊ, अमेठी, लद्दाख के छात्र भी हॉस्टल में रहते हैं। सामान के साथ हॉस्टल खाली करने का नोटिस रविवार शाम को जारी किया गया। हॉस्टल में मौजूद कुछ छात्रों ने बताया कि उन्हें तो सूचना मिल गई थी, लेकिन जो छात्र अपने घर लौट गए हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से सूचित नहीं किया गया। ऐसे में छात्र हॉस्टल नहीं पहुंच सके और हॉस्टल प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से सभी कमरे सील कर दिए। हॉस्टल अब ईद यानी 22 या 23 अप्रैल तक बंद रहेगा। स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षाएं शुरू होने जा रहीं हैं। 22 मई से स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं हैं। सेमेस्टर परीक्षाएं भी शुरू होने जा रहीं हैं। प्रतियोगी परीक्षाएं भी होनी हैं। ऐसे में छात्र सील कमरों से अपनी कॉपी–किताबें, पहचान पत्र, कंप्यूटर,



लैपटॉप आदि कैसे निकालेंगे। हालांकि, इस सवाल का जवाब हॉस्टल प्रशासन के पास भी नहीं है। हॉस्टल अधीक्षक इरफान खान का कहना है कि सामान सहित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दिया गया था। जो छात्र नहीं आ सके, उनकी कॉपी–किताबें एवं अन्य सामान कमरों में सुरक्षित रखे हैं। जिन छात्रों की कॉपी किताबें एवं अन्य सामान कमरे में बंद हैं, उनके बारे में हॉस्टल प्रशासन ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। अधीक्षक कार्यालय, मेन गेट भी सील हॉस्टल अधीक्षक का कार्यालय और हॉस्टल परिसर का मेन गेट भी सील कर दिया गया है। हालांकि, सील हॉस्टल प्रशासन की है, लेकिन अधीक्षक का कहना है कि सील लगने के बाद मामला कानूनी हो गया है और ऐसे में वह भी हॉस्टल में तब तक प्रवेश नहीं कर सके हैं, जब तक कानूनी तौर पर मेन गेट पर लगी सील को हटाया नहीं जाता। अवैध छात्रों से हो सकती है पूछताछ हॉस्टल के सूत्रों ने बताया कि हॉस्टल प्रशासन ने 27 अवैध छात्रों की लिस्ट पुलिस प्रशासन को सौंपी है। इनमें से कुछ छात्र सदाकत खान के संपर्क में थे। ऐसे में पुलिस उनसे पूछताछ कर सकती है। छात्रों ने कहा, सदाकत की बदौलत सभी हुए परेशान छात्रों का कहना है कि सदाकत खान जो दुस्साहस किया, उसकी वजह से सभी छात्रों को हॉस्टल छोड़ना पड़ा। छात्र नेता अजय यादव का कहना है कि एक व्यक्ति की वजह से पूरे हॉस्टल को बंद कर देना ठीक नहीं है। इस हॉस्टल को गौरवशाली इतिहास रहा है। अजय ने मांग की है कि हॉस्टल के जिन कमरों में वैध छात्र रह रहे थे, उन्हें खोल दिया जाए।

## भाजयुमो के पदाधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार: रामनगर थाने में हुआ जमकर हंगामा : 4 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के रामनगर के भाजयुमो के नगर अध्यक्ष अर्जुन शर्मा और महामंत्री विकास बघेल के साथ बुधवार को रामनगर थाने के पुलिस कर्मियों ने दुर्व्यवहार किया। इससे नाराज भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रामनगर थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। मामले को तूल पकड़ता देख कर रामनगर थाने में लंका इंस्पेक्टर के साथ एसीपी भेलूपुर भी पहुंचे। अंततः चार पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया गया, तब जाकर मामला शांत हुआ।रामनगर थाने के मच्छरहट्टा वार्ड में दो पक्षों में लड़ाई हो गई थी। पुलिस दोनों पक्षों को रामनगर थाने ले आई थी। इसकी जानकारी पाकर भाजयुमो के नगर महामंत्री विकास बघेल रामनगर थाने जाकर दोनों पक्षों से समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे थे। आरोप है कि उसी बीच थाने के एक दरोगा और कुछ सिपाही उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। कहासुनी के बाद उनकी पिटाई भी की गई। इसकी सूचना पाकर भाजयुमो नगर अध्यक्ष अर्जुन शर्मा भी रामनगर थाने गए। आरोप है कि उनके साथ भी पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। इसकी सूचना पाकर भाजयुमो के



महानगर अध्यक्ष रजत जयसवाल, महामंत्री ओम तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता रामनगर थाने पहुंचे। सभी लोग दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इंस्पेक्टर लंका अश्विनी पांडेय, इंस्पेक्टर रामनगर भरत उपाध्याय और एसीपी भेलूपुर प्रवीण सिंह के समझाने पर कड़ी मशक्कत के बाद सभी शांत हुए। रामनगर थाना प्रभारी भरत उपाध्याय ने बताया कि दुर्व्यवहार के आरोपी चार पुलिस कर्मियों अंगद यादव, आशीष राय, सुमित यादव और राघवेंद्र सिंह को डीसीपी काशी जोन ने लाइन हाजिर कर दिया है।

## करंट से किशोर की मौत : गुस्साएं ग्रामीणों ने अधीक्षक समेत दो डॉक्टरों को पीटा

संतकबीरनगर ब्यूरो : संतकबीरनगर जिले में धनघटा क्षेत्र के टाड़ा गांव के बन्हैती के रहने वाले किशोर की करंट की चपेट में आने से बुधवार की शाम को मौत हो गई। परिजन और ग्रामीण किशोर को लेकर सीएचसी मलौली पहुंचे,जहां देखते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर ग्रामीणों ने उपचार में लापरवाही का आरोप मढ़ कर हंगामा कांटे और बाद में अधीक्षक समेत दो डॉक्टरों की पिटाई कर दी। बचाव में आए अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से हाथापाई किया। क्षेत्र के टाड़ा गांव के बन्हैती टोला निवासी 17 वर्षीय गणेश चौहान पुत्र राम प्रसाद बुधवार की शाम को जनरेटर चालू किए। उसके बाद विद्युत तार जोड़ते दौरान वह करंट की चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद परिजन और गांव के लोग झुलसे किशोर को लेकर सीएचसी मलौली पहुंचे, जहां देखते ही डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मियों ने बताया कि किशोर के शव को लेकर ग्रामीण अपने गांव चले गए। उसके एक घंटे बाद 200 से 250 की संख्या में एकत्रित होकर ग्रामीण अस्पताल पर पहुंचे और किशोर के उपचार में लापरवाही का आरोप मढ़ते हुए हंगामा मचाए। आरोप है कि लोग सीएचसी के अधीक्षक डॉक्टर विनोद कुमार राव और डॉक्टर नूर आलम की पिटाई शुरू कर दिए। दोनों डॉक्टरों के पिटाई देखकर बचाव में पहुंचे अस्पताल के अन्य कर्मियों से लोगों ने हाथापाई किया। ग्रामीणों की पिटाई से दोनों डॉक्टर गंभीर रुप से घायल हो गए। अधीक्षक डॉक्टर विनोद कुमार राव का आरोप है कि किशोर को जब लोग अस्पताल लेकर आए थे तो उसके पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जिसकी वजह से किशोर का उपचार करने की नौबत ही नहीं आई। अधीक्षक का आरोप है कि ग्रामीणों ने अस्पताल में उपद्रव किया और बाद में उनकी और डॉक्टर नूर आलम की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों डॉक्टरों को गंभीर चोटे आई है। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करेंगे। जबकि एसओ जयवर्धन सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से किशोर झुलस गया था। परिजन किशोर को पहले सीएचसी मलौली ले गए, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन किशोर को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भेज दिया गया। डॉक्टरों के पिटाई किए जाने की न तो कोई सूचना है और न ही कोई तहरीर मिली है। यदि तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सिगरेट के पैसों को लेकर चला दी गोली : एक गंभीर रूप से घायल : पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया

गोरखपुर ब्यूरो : सहजनवा के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रंदौली उर्फ मठिया के केशवाखोर टोला में शिव मन्दिर के पास गुमटी की दुकान पर बुधवार को होली खेलने के दौरान पुरानी रंजिश व सिगरेट के पैसे देने के दौरान विवाद हो गया। विवाद के दौरान मनबढ़ युवक ने घर के अन्दर से तमंचा निकालकर गोली चला दिया। जिसमें मित्र के ननीहाल में होली मिलने गये युवक के कमर में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग उपचार के लिए उसे सीएचसी पाली ठर्रापार ले गये। जहां से डॉक्टर ने गम्भीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अभी किसी से तहरीर नहीं मिली है।पुलिस दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्षेत्र के रन्दौली उर्फ मठिया के टोला केशवाखोर में दोपहर बाद ग्रामीणों की टोली रंदौली उर्फ मठिया होली में मिलने जा रही थी। बताया जा रहा है कि शिव मन्दिर के पास गुमटी के सिगरेट के पैसे को लेकर विवाद हो गया। किसी तरह विवाद शान्त हो गया उसके




बाद होली मिलने के बाद ग्रामीणों की टोली पुनः शिव मन्दिर पहुंची तो हुड़दंगई में विवाद हो गया। आरोप है कि केशवाखोर निवासी युवक अमरजीत सिंह घर से तमंचा लाकर गोली चला दिया। गोली क्षेत्र के बौंडरा गांव निवासी रामदरश के 21वर्षीय बेटे रणविजय प्रजापति की कमर में लग गई। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों पक्षों में पुराना विवाद चला आ रहा है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले गयी। दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है।

## लखनऊ–प्रयागराज हाईवे पर बड़ा हादसा : दो कारों की टक्कर : दंपती और बेटे की मौत : मासूम समेत दो घायल

प्रतापगढ़ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में बड़ा हादसा हुआ है। हाईवे पर दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दंपती और बेटे की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ–प्रयागराज राजमार्ग पर मानिकपुर थाना इलाके के रहमत अली का पुरवा गांव के पास बुधवार की सुबह दो कारों के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। कार सवार प्रयागराज के जार्जटाउन के रहने वाले राहुल श्रीवास्तव (35) उनकी पत्नी प्राची श्रीवास्तव (30) बेटे अर्शदीप (10) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन साल की बेटी आवया और दूसरी कार सवार प्रयागराज जार्जटाउन के राजेश श्रीवास्तव घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद



से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## होली के दिन लापता हुई बच्ची का शव दूसरे दिन नाले से बरामद : गोद में उर्वी को लेकर बिलखता रहा पिता

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के ब्रहमपुरी थानाक्षेत्र में घर के बाहर से लापता हुई तीन साल की बच्ची का शव दूसरे दिन क्षेत्र के ही एक गहरे नाले से बरामद हुआ। पुलिस पिता की शिकायत पर बच्ची की तलाश में जुटी थी। गुरुवार सुबह पुलिस ने फिर से बच्ची की तलाश शुरू कराई। यहां जेसीबी द्वारा तलाशी कराई गई तो बच्ची का शव नाले से बरामद हो गया। इस दौरान मौके पर पुलिस के साथ ही लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही। वहीं बच्ची का शव मिलते ही पिता का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बच्ची के शव को मेडिकल परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आगे जानें कैसे बच्ची खेलते खेलते घर से लापता हो गई थी। ब्रह्मपुरी में एक तरफ लोग होली के जश्न में डूबे थे तो वहीं ललित अपनी बच्ची के घर पर न दिखाई देने पर उसे ढूंढ रहा था। दरअसल, उसकी तीन साल की बच्ची उर्वी अचानक गायब हो गई। बताया गया कि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी और अचानक गायब हो गई। बच्ची के पिता ने पुलिस को शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की कापफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के मुताबिक दो माह के भीतर बच्ची गायब होने का मेरठ में यह चौथा मामला है। जब घर के बाहर से बच्ची गायब हुई है। लगभग दो महीने पहले टीपीनगर के ज्वालानगर से किट्टू नाम की पांच साल की बच्ची गायब हुई थी,



जिसका पता अब तक पुलिस नहीं लगा सकी। ऐसे में उर्वी को लेकर भी अनहोनी का अंदेशा जताया जा रहा था। होली के दिन मातम में बदला जश्न बुधवार शाम को शारदा रोड चौकी क्षेत्र के पास गांधी स्मारक रोड है। यहां प्रोविजन स्टोर संचालक ललित रहता है। ललित की तीन साल की बेटी उर्वी बुधवार शाम 6:45 पर घर के बाहर से गायब हो गई। ललित ने एक घंटे तक खुद बच्ची को खोजा। बच्ची नहीं मिली तो पुलिस को बताया। सूचना पर पहुंची पुलिस बच्ची की तलाश की लेकिन वह कहीं नहीं मिली। गुरुवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू कराया गया। पति–पत्नी में चल रहा विवाद ललित ने बताया कि अपनी बेटी उर्वी के साथ रहता है। ललित का अपनी पत्नी नेहा से काफी समय से विवाद चल रहा है। पति–पत्नी में विवाद के चलते नेहा मेरठ सदर में अपने मायके में रहती है। ललितए नेहा के एक बेटी उर्वी है। उर्वी यहां पिता के साथ रहती थी।

## वाराणसी – श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलेगी होली स्पेशल रेलगाड़ी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। होली पर्व के दौरान रेलयात्रियों को सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने वाराणसी – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच चलेगी होली स्पेशल रेलगाड़ी निम्नानुसार चलाने का निर्णय लिया हैः– 04212/04211 वाराणसीदृश्री माता वैष्णो देवी कटड़ा– वाराणसी होली स्पेशल (कुल 04 फेरे) 04212 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा –वाराणसी स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 10.03.23 और 13.03.2023 को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से रात्रि 09.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 11.35 बजे वाराणसी पहूँचेगी। वापसी दिशा में 04211 वाराणसी– श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल दिनाँक 09.03.23 और 12.03.2023 को वाराणसी से साँय 04:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन साँय 06.30 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहूँचेगी। वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे उधमपुर, जम्मू तवी ,पठानकोट कैंट , जलंधर कैंट , लुधियाना , अंबाला कैंट ,यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद , बरेली , शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं०, तथा प्रतापगढ़ स्टेशनो पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। आनंद विहार टर्मिनल–कामाख्या ,चंडीगढ़ तथा कामाख्या के लिए चलेगी होली स्पेशल रेलगाडियाँ सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनल–कामाख्या, तथा चंडीगढ़–कामाख्या के बीच स्पेशल रेलगाडियाँ निम्नानुसार चलाने का निर्णय लिया हैः– 04076 आनंद विहार टर्मिनल–कामाख्या स्पेशल एक फेरा 04076 आनंद विहार टर्मिनल– कामाख्या स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 10.03.23 को आनंद विहार टर्मिनल से रात्रि 10.50 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन साँय 05.20 बजे कामाख्या पहूँचेगी। वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं० , पं. दीनदयाल उपाध्याय, पाटलिपुत्र, बरौनी जं०, कटिहार जं०, किशनगंज , सिलीगुड़ी जं०, अलीपुर द्वार, तथा न्यू बंगाईगाँव स्टेशनो पर रुकेगी। 04546 चंडीगढ़–कामाख्या स्पेशल एक फेरा 04546 चंडीगढ़ – कामाख्या स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 11.03.23 को चंडीगढ़ से साँय 06.55 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन साँय 05.20 बजे कामाख्या पहूँचेगी। वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे अमब्ला कैंट, पानीपत, दिल्ली , कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं० , पं. दीनदयाल उपाध्याय, पाटलिपुत्र, बरौनी जं०, कटिहार जं०, किशनगंज , सिलीगुड़ी जं०, अलीपुर द्वार, तथा न्यू बंगाईगाँव स्टेशनो पर रुकेगी। सहारनपुर–ब्यास तथा हजरत निजामुद्दीन–ब्यास के लिए चलेगी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियाँ सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियो के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने हजरत निजामुद्दीन–ब्यास तथा सहारनपुर–ब्यास के लिए चलेगी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियाँ निम्नानुसार चलाने का निर्णय लिया है :– 04039/04040 हजरत निजामुद्दीन–ब्यास–हजरत निजामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (कुल 02 फेरे) 04039 हजरत



निजामुद्दीन–ब्यास अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 30.03.2023 को हजरत निजामुद्दीन से रात्रि 07:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 04.05 बजे ब्यास पहूँचेगी। वापसी दिशा में 04040 ब्यास– हजरत निजामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल दिनाँक 02.04.2023 को ब्यास से रात्रि 09.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 04.00 बजे हजरत निजामुद्दीन पहूँचेगी। सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे नई दिल्ली, सब्जी मण्डी, अंबाला कैंट जं०, लुधियाना जं०, तथा जलंधर सिटी स्टेशनो पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। 04511/04512 सहारनपुर–ब्यास–सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (कुल 02 फेरे) 04511 सहारनपुर–ब्यास अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 31.03.2023 को सहारनपुर से रात्रि 08:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन तड़के 02.15 बजे ब्यास पहूँचेगी। वापसी दिशा में 04512 ब्यास–सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल दिनाँक 02.04.2023 को ब्यास से रात्रि 09.50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन तड़के 03.25 बजे सहारनपुर पहूँचेगीद्य सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला कैंट जं०,लुधियाना जं० तथा जलंधर कैंट स्टेशनो पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। वास्को–डी–गामा– हजरत निजामुद्दीन तथा अहमदाबाद–गुवाहाटी के बीच चलेगी स्पेशल रेलगाड़ियाँ सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियो के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे ने वास्को–डी–गामा– हजरत निजामुद्दीन तथा अहमदाबाद–गुवाहाटी के बीच स्पेशल रेलगाड़ियाँ निम्नानुसार चलाने का निर्णय लिया हैः– 07307/07308 वास्को–डी–गामा– हजरत निजामुद्दीन–वास्को–डी–गामा स्पेशल (कुल 02 फेरे) 07307 वास्को–डी–गामा–हजरत निजामुद्दीन स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 11.03.23 को वास्को–द–गामा से साँय 06.00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन पूर्वाह्न 11.20 बजे हजरत निजामुद्दीन पहूँचेगी। वापसी दिशा में 07308 हजरत निजामुद्दीन–वास्को–डी–गामा स्पेशल दिनाँक 14.03.2023 को हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 03:45 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 08.05 बजे वास्को–डी–गामा पहूँचेगी। वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे मडगांव, संवोर्देम चर्च, कुलेम, कैसल रॉक,लोंडा जं०, बेलगावी,मिराज जं०, सतारा, पुणे जं०,लोनावला, कल्याण जं०, वसई रोड, वापी, सूरत , वडोदरा जं०, रतलाम जं०, कोटा जं०,सवाई माधोपुर,गंगापुर सिटी तथा मथुरा जं० स्टेशनो पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी। 09467 अहमदाबाद–गुवाहाटी स्पेशल एक फेरा 09467 अहमदाबाद–गुवाहाटी स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 12.03.23 को अहमदाबाद से रविवार को साँय 04.35 बजे प्रस्थान कर मंगलवार रात्रि 11.00 बजे गुवाहाटी पहूँचेगी। वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे नदियाद जं०, छायापुरी, रतलाम जं०, भवानी मंडी, कोटा जं०, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जं०, आगरा फोर्ट , टूंडला जं०, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ , अयोध्या कैंट , वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, पटना जं०, न्यू बरौनी जं०, खगड़िया जं०, नवगछिया, कटिहार जं०, बारसोई जं० किशनगंज , न्यू जलपाईगुड़ी जं०,न्यू कोचबिहार जं०, न्यू अलीपुरद्वार , न्यू बंगाईगाँव तथा रंगिया जं० स्टेशनो पर रुकेगी।

## संकट मोचन मंदिर पार्क चौराहा विवेक खण्ड 3 पर किया गया होलिका दहन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर विवेक खण्ड 3–4 जनकल्याण समिति के सचिव रूप कुमार शर्मा, एडवोकेट फूल चन्द्र तथा



स्थानीय नागरिकों के सहयोग से संकट मोचन मंदिर पार्क चौराहा, विवेक खण्ड 3 पर होलिका दहन किया गया। रूप कुमार शर्मा, एडवोकेट फूल चन्द्र, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, वी. के. पाण्डेय, महादेव प्रसाद सोनकर, शिव राम सिंह, आर. एस. भटनागर, सुनील कुमार सक्सेना, दीपक श्रीवास्तव, राधे श्याम गुप्ता, जी. डी. चोतरानी, विवेक श्रीवास्तव, कौशल सहित अन्य नागरिकों ने होली की पूजा के पश्चात गुलाल लगाया तथा एक–दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

## अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस : मची चीख–पुकार : 20 से ज्यादा यात्री घायल

दिल्ली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के शामली में गुरुवार सुबह थानाभवन जा रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में गंदेवड़ा संगम के पास खाई में पलट गई। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्व





कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा भी अस्पताल पहुंचे और घायलों को हाल जाना। चौसाना कस्बे से एक प्राइवेट बस थानाभवन की ओर जा रही थी। यात्रियों के मुताबिक चालक बहुत तेज रफ्तार से बस चला रहा था। गढ़ीपुख्ता थाना क्षेत्र में गंदेवड़ा संगम के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। जिससे बस में सवार यात्रियों में चीख.पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घायलों को बस से निकाला और पुलिस को सूचना दी। घायलों को थाना भवन के अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर पांच घायलों को मुजफ्फरनगर और तीन को शामली रेफर कर दिया गया। जबकि बाकी का उपचार थाना भवन में चल रहा है। सूचना मिलने पर डीएम रवींद्र सिंहए सीएमओ डॉण् संजय अग्रवाल और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना।

## डाक्टर शराफत अली ने चिकित्सा क्षेत्र में किया जनपद बागपत का नाम रोशन

बागपत ब्यूरो विवेक जैन : जनपद बागपत के प्रसिद्ध डाक्टरों में शुमार बागपत शहर के डाक्टर शराफत अली को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए लोकपाल गुप्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। बागपत में आयोजित एक कार्यक्रम में डाक्टर शराफत अली को चादर, पटका व पगड़ी पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। लोकपाल गुप्ता सम्मान रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की जहाज निर्माण कम्पनी माझगांव डॉक बिल्डर्स



लिमिटेड के महाप्रबन्धक सौरभ गुप्ता के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सम्मानित लोगों और विशिष्ट प्रतिभाओं को प्रदान किया जाता है। सौरभ गुप्ता ने बताया कि डाक्टर शराफत अली लोगों को सस्ती और बेहतरीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर चिकित्सक पेशे को गौरवान्वित कर रहे है और इंसानियत की बेमिसाल शख्सियत है। बताया कि डाक्टर शराफत अली 6 भाई व 3 बहनों में सबसे बड़े है। शुरूआती दौर में आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाबजूद डाक्टर शराफत अली ने जहां एक और अपनी डाक्टरी की पढ़ाई को पूर्ण किया, वहीं अपने 5 भाईयों व 3 बहनों में से 3 भाईयों व 2 बहनों को डाक्टर बनाया जो काबिले तारीफ और अन्य लोगों के लिए प्रेरणीय है। सौरभ गुप्ता ने बताया कि डाक्टर शराफत अली के 3 बेटे व 3 बेटियों में से 1 बेटा व 2 बेटियां डाक्टरी की पढाई कर रहे है। सौरभ गुप्ता ने छिपी हुई प्रतिभाओं और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले लोगों को देश व दुनियां के सामने प्रस्तुत करने के लिए सामाजिक कार्यकर्त्ता विपुल जैन की प्रशंसा की। डॉ शराफत अली ने लोकपाल गुप्ता सम्मान से सम्मानित किये जाने पर सौरभ गुप्ता का आभार व्यक्त किया और अपनी समस्त उपलब्धियों का श्रेय अपनी माता समीना खातून और अपने पिता फिजे खान को दिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था युवा चेतना मंच के संस्थापक व अध्यक्ष मास्टर सत्तार अहमद, महासचिव समीर अहमद, एड़वोकेट राशिद तसलीम, डाक्टर नूर मोहम्मद, जमील अहमद, नईम राणा आदि उपस्थित थे।

## 'उमेश और सिपाहियों को अकेले मार दूंगा' : जेल में अतीक से विजय उर्फ उस्मान ने किया था वादा

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज के कौंधियारा के गोंठी गांव में एनकाउंटर में मारा गया विजय चौधरी उर्फ उस्मान बेहद शातिर था। महज दो साल के अंदर ही वह गिरोह में इतना आगे बढ़ गया था कि सीधे अतीक और अशरफ से मिलने लगा था। घटना से पहले वह अशरफ से मिलने बरेली जेल गया था। उससे पहले वह अतीक से मिलने साबरमती जेल पहुंचा था। उस्मान ने दोनों से वादा किया था कि वह अकेले ही उमेश और सिपाहियों को मार देगा। विजय ने ही पहली गोली उमेश और सिपाही संदीप को मारी थी। गुलाम से दो साल पहले मिला था विजय चौधरी उर्फ उस्मान विजय चौधरी उर्फ उस्मान की मुलाकात करीब दो साल पहले गुलाम से हुई थी। उसे जब नए असलहे मिले तो बहुत जल्द वह अचूक निशाना लगाने लगा। गुलाम ने अतीक और अशरफ से विजय के बारे में बताया तो गुलाम ने कई बार दोनों से विजय की बात भी कराई। धीरे धीरे अतीक गिरोह में विजय का कद बढ़ता गया। उसे उस्मान कहा जाने लगा। गिरोह में विजय की पहचान उस्मान के रूप में रह गई। कुछ महीने पहले जब साबरमती जेल में उमेश को खत्म करने का खाका तैयार हुआ तो विजय की बड़ी भूमिका तय की गई। इसके बाद उसे आईफोन के साथ पिस्टल दिया गया। 50 हजार रुपये भी दिए गए। गिरोह में खुद की बढ़ती भूमिका से उस्मान भी बहुत खुश था। गाड़ी चलाने से जितने रुपये उसे कई महीने में मिलते, वह एक बार में मिल जाता था। गुलाम के साथ वह अतीक के बेटे असद से भी मिलने लगा। दोनों लगभग हम उम्र थे। असद ने ही पहली बार उमेश पाल की हत्या करने के बारे में बताया। कहा गया कि अगर काम हो गया तो उसे दस लाख और




गाड़ी दी जाएगी। 10 लाख की गाड़ी की बात सुनकर खुश था उस्मान दस लाख और गाड़ी की बात सुनकर उस्मान काफी खुश था। उसने असद से कह दिया कि वह अकेले ही मार देगा। यह बात असद ने अतीक को बताई तो अतीक ने उस्मान से मिलने की बात कही। इसके बाद उस्मान साबरमती जेल पहुंचा। अतीक से भी उसने वादा किया कि वह अकेले ही उमेश और सिपाहियों को मार देगा। इसके कुछ दिन बाद मुस्लिम बोर्डिंग हास्टल में सदाकत खान के कमरे में मीटिंग हुई। हालांकि इसमें उस्मान शामिल नहीं था। उसी में यह निर्णय लिया गया कि गाड़ी से उतरते ही उमेश और सिपाहियों को पहली गोली उस्मान ही मारेगा। सबकुछ प्लान के मुताबिक हुआ लेकिन बाकी लोग बैकअप में रहेंगे। अगर उस्मान यह काम नहीं कर पाया तो बगल में ही मौजूद गुलाम मोर्चा संभाल लेगा। सब कुछ प्लान के मुताबिक ही हुआ। उस्मान ने पहली गोली उमेश को फिर सिपाही को गोली मार दी। लेकिन गोली लगने के बाद भी उमेश अपने घर के अंदर भाग गए। इसके बाद गुलाम दौड़ा और फिर शूटरों का पूरा गिरोह टूट पड़ा।

## गरीबी से तंग आकर मां संग दो बेटियों ने जहर खाकर की आत्महत्या : पिता की पहले ही हो चुकी थी मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ में थाना कोतवाली नगर के इस्लाम नगर में एक मकान के अंदर मां और दो बेटियों के शव पड़े हुए थे, परिवार के मुखिया की मौत पहले ही हो चुकी थी। मां और दोनों बेटियों का गरीबी के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया था। तीनों ने रोटी की चिंता में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस्लाम नगर में 16 फुटा रोड निवासी 55 वर्षीय नगीना पत्नी खलील खां, उनकी दो बेटियां बानो और पाकी एक किराए के मकान में रहते थे। थाना प्रभारी कोतवाली ने बताया कि मृतक नगीना नशा आदि करती थी, जिससे उसकी तबीयत अत्यधिक खराब रहती थी। अत्यधिक तबीयत खराब रहने के कारण नगीना ने परेशान होकर स्वयं व अपनी दोनों पुत्रियों को खाने में विशाल विषैला पदार्थ खिला दिया । जिसके कारण तीनों की मौत हो गई। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि बुधवार देर रात इस्लाम नगर के एक मकान में एक ही परिवार के तीन लोगों के आत्महत्या की खबर मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, वहां पर नगीना नामक महिला और उसकी दो बेटियों द्वारा आत्महत्या करने की घटना तस्दीक किया गया। लोगों ने बताया कि महिला के पति की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी थी। महिला की तबियत भी खराब रहती थी, जिससे उनका जीवन बसर का मुश्किल हो रहा था। परिवार अवसाद में था, इसलिए विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या का कदम उठाया गया। पुलिस को घटनास्थल से पॉलिथिन में एक संदिग्ध पदार्थ मिला है। शवों को मोर्चरी भेजा गया है अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बारे में अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## शीशम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आंशका : जांच में जुटी पुलिस

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ में लोधा थाना क्षेत्र के गांव बिनूपुर स्थित जंगल में शीशम के पेड़ पर लटके हुए युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के पेड़ पर फांसी के फन्दे से लटकने की सूचना पर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोधा पुलिस ने युवक के शव को शीशम के पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। लोधा के गांव बिनूपुर निवासी 19 वर्षीय युवक हर्षित पुत्र बनी सिंह का शव गांव से बाहर जंगल में शीशम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह महिलाएं जंगल में शौच करने के लिए जा रही थीं, तभी गांव से बाहर एक शीशम के पेड़ पर फांसी के फन्दे पर युवक लटका दिखा, तो महिलाएं जंगल में शौच करने के बजाए उल्टे पांव शोर मचाती हुई गांव की तरफ दौड़ीं। शीशम के पेड़ पर जंगल में लटके युवक के शव को देखने के लिए ग्रामीण दौड़ने लगे। जंगल में शीशम के पेड़ के पास लोगों की भीड़ जुट गई। युवक के पेड़ पर लटकने की सूचना पर परिवार के लोग पहुंच गए और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।



सूचना पर लोधा थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंच गए। शीशम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके युवक के शव को नीचे उतारा। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या कर शीशम के पेड़ पर लटकाने की आशंका जताई है। लोधा पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

## के के देवी ट्रस्ट परिसर में चित्र प्रदर्शनी 10 मार्च से शुरु : सांसद सतीश गौतम करेंगे लोकार्पण

अलीगढ़ ब्यूरो : केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जन सामान्य के हितार्थ एवं राष्ट्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन के के देवी ट्रस्ट परिसर में 10 मार्च से किया जाएगा। अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम प्रातः 9 बजे चित्र प्रदर्शनी का लोकार्पण करेंगे। कोल विधायक अनिल पाराशर एवं जनप्रतिधिगण भी मौजूद रहेंगे। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि चित्र प्रदर्शनी के के देवी ट्रस्ट परिसर, एएमयू चुंगी, जमालपुर रोड पर लगेगी। जिसका उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों एवं नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना है। सहायक निदेशक सूचना सन्दीप कुमार ने बताया है कि तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी 10 से 12 मार्च तक चलेगी। केके देवी ट्रस्ट परिसर पर कुछ भूमाफियाओं की नजर थी, पर डीएम इंद्र विक्रम सिंह के प्रयास से परिसर में पांच आंगनबाड़ी केंद्र और




एक स्वास्थय केंद्र खोलने की पहल शुरू हुई। अब इसी परिसर में चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आगे भी अन्य कार्यक्रम भी होने की संभावना है।

## बीएचयू में होगा अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस : देश–विदेश के वैज्ञानिक बताएंगे बीमारियों से लड़ने की नई तकनीक

वाराणसी ब्यूरो : काशी हिंदू विश्वविद्यालय में देश–विदेश के वैज्ञानिक महामारियों में डीएनए के डिफेंस मैकेनिज्म पर मंथन करेंगे। इसी सिलसिले में 10 से 12 मार्च तक महामना सेमिनार कांप्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस होगा। इनमें चार महाद्वीप के वैज्ञानिक शामिल होंगे। जंतु विज्ञान विभाग के जीन वैज्ञानिक प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया के 15 देशों से 21 वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। जेनेटिक्स, पर्सनलाइज्ड मेडिसिन, एंथ्रोपोलॉजी, मेडिकल जेनेटिक्स, फॉरेंसिक सहित अन्य विधाओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महामारियों की चुनौती से निपटने की रणनीति बनेगी। भारत के 17 संस्थानों के 27 प्रमुख व 300 से ज्यादा युवा वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। इसका उद्घाटन राखीगढ़ी उत्खनन के प्रमुख और राखीगढ़ी मैन के नाम से मशहूर आर्कियोलॉजिस्ट प्रोफेसर वसंत शिंदे करेंगे। सांस्कृतिक संध्या का भी रंग जमेगा। विदेशी मेहमानों को बनारस के मंदिरों की सैर कराई जाएगी। क्रूज से गंगा के घाटों और गंगा आरती दिखाई जाएगी। संयोजक बीएचयू जंतु विज्ञान विभाग के प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे व सह–संयोजक डॉ राहुल मिश्र ने कहा कि मंथन से जो मोती निकलेंगे, वह महामारियों की चुनौतियों से निपटने में कारगर साबित होंगे। आईआईटी बीएचयू के प्रो. वी रामनाथन और जनरल सेक्रेटरी सीजीडी की डॉ चंदना बसु व पुरातत्व विभाग के डॉ सचिन तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। इसकी थीम 2022 का फिजियोलॉजी/मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार है। स्वीडन के वैज्ञानिक स्वंते पाबो को फिजियोलॉजी/मेडिसिन के लिए नोबेल पुरस्कार




मिला था। सभ्यता को बीमारियों से बचाने में हमारी जैव विविधता है महत्वपूर्ण संयोजक प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा, मानव सभ्यता को महामारियों से बचाने में हमारी जैव विविधता का बहुत बड़ा योगदान है। आधुनिक मानवों का अस्तित्व पिछले 70 हजार वर्षों से है। उन्होंने हजारों महामारियों का अनुभव किया। मगर, भारत में कभी ऐसा नहीं हुआ कि पूरी सभ्यता ही नष्ट हो गई थी। जबकि, यूरोप में प्लेग ने 4900 साल पहले किसानों की समूल सभ्यता को ही नष्ट कर दिया था। मानव सभ्यता को समझने में मदद मिली डीएनए को पढ़ने की विधा (सिक्वेंसिंग) ने हमें मानव सभ्यता को बखूबी समझने में मदद की है। इसमें परिवर्तन (म्युटेशन) से होने वाले रोगों के सटीक उपचार खोजने की दिशा में भी प्रगति हुई है। अब हम उच्च तकनीकी के कारण मानव के संपूर्ण जीनोम को सीक्वेंस कर पा रहे हैं। जल्द ही जीनोम के आधार पर सटीक दवाओं का निर्माण भी होने लगेगा। इन्हीं मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। शांति स्वरूप भटनागर अवार्ड विजेता शुभादीप चटर्जी बीएचयू के 25वें कुलपति डॉ लालजी सिंह की याद में लेक्चर देंगे।

## मणिकर्णिका घाट पर मृत मिला हिस्ट्रीशीटर : पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

वाराणसी ब्यूरो : मणिकर्णिका घाट स्थित दत्तात्रेय मंदिर के सामने गंगा में बजड़े पर बुधवार को चौक थाने का हिस्ट्रीशीटर गोकुल साहनी (40) मृत पड़ा मिला। गोकुल के चेहरे, नाक, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट लगी हुई थी। परिजनों की सूचना पर फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम के साथ पहुंची चौक थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चौक थाना क्षेत्र के गौमठ का रहने वाला गोकुल साहनी नाव संचालन का काम करता था। गोकुल और उसकी पत्नी अलग–अलग रहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार गोकुल अकसर रात में अपने बजड़े पर ही सो जाता था। बुधवार की सुबह वह काफी देर तक बजड़े पर ही सोया रहा। लोग उसे जगाने गए तो काफी आवाज देने के बाद भी वह टस से मस न हुआ। उसके शरीर पर लगी चोटों को देख कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस



आई तो गोकुल का मोबाइल उसके शव से थोड़ी दूरी पर पड़ा मिला। इस संबंध में इंस्पेक्टर चौक शिवाकांत मिश्र ने बताया कि गोकुल रोजाना शराब पीने का आदी था। वह शराब पीकर अकसर लोगों से विवाद करता था। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट होने पर प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संपूर्णानंद संस्कृत विवि ने पांडुलिपियों के प्रकाशन हेतु भेजा लाखों रुपये का प्रस्ताव

वाराणसी ब्यूरो : संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के दुर्लभ ग्रंथ एवं पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिए विश्वविद्यालय ने 1.09 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को संरक्षण का प्रस्ताव भेज दिया है। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से दुर्लभ ग्रंथ एवं पांडुलिपियों का प्रकाशन होगा। हस्तलिखित पांडुलिपि एवं 2022–23 एवं 2023–24 के 56 प्रकाशन के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। विश्वविद्यालय से 1400 ग्रंथों का प्रकाशन हो चुका है। सरस्वती भवन पुस्तकालय में सन 1791 से संग्रहीत लगभग 96 हजार हस्तलिखित पांडुलिपियों का प्रकाशन हो सका है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के सहयोग से प्रस्ताव भेजा गया है। प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि लीथो कागज,भोज पत्र तथा ताड़ पत्र पर हस्तलिखित पांडुलिपियों की सुरक्षा की जा रही है। ये दुर्लभ ग्रंथ हैं मौजूद विश्वविद्यालय में वैदिक वाङ्मय , व्याकरण शास्त्र , न्यायदर्शन, धर्मशास्त्र, जैन दर्शन, ज्योतिष शास्त्र, दर्शन शास्त्र, तंत्र शास्त्र, साहित्य



शास्त्र, प्राचीन भारतीय राज शास्त्र एवं अर्थशास्त्र तथा पौराणिक वाङ्मय से संबद्ध है। विश्वविख्यात अनुसंधान पत्रिका 'सारस्वती सुषमा' एवं विश्वविद्यालय वार्ता के कई अंकों का प्रकाशन भी समाहित है। उक्त कार्य योजना के तहत मुद्रित होने वाले ग्रंथों के सकल व्यय, जैसे प्रतिलिपिकरण, संपादन, पाठ लोचन, व्याख्या–लेखन, परिशिष्ट निर्माण, कंप्यूटर कंपोजिंग, फिल्म निर्माण, प्लेट निर्माण, आफसेट छपाई, जेके, बाइंडिंग सामग्री, पक्की बाइंडिंग एवं प्रूफरीडिंग के व्ययों को समाहित कर अनुमानित आगणन प्रस्तुत किया गया है।

## सपा नेता नसीम खान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत : होली की पार्टी में दोस्त के घर गए थे

मऊ ब्यूरो : मऊ में कोपागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में बुधवार की शाम सपा नेता नसीम खान (45) पुत्र स्वर्गीय इमरान खान की संदिग्ध परिस्थितियों में दोस्त के घर मौत से कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोपागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी सपा नेता नसीम खान बुधवार की शाम अपने दोस्त के घर हलधरपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर बुलंद गांव में होली की पार्टी में शामिल होने गये थे। जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में सपा नेता नसीम खान की मौत हो गई। वहीं से दोस्तों ने नसीम खान के घर सूचना दी। मौके पर नसीम खान के दोनों भाई अजीम खान,तहसीम खां हलधरपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर बुलंद गांव गए। वहां से अपने भाई नसीम खान को लेकर पहसा स्थित एक अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने कहा कि इनकी पल्स नहीं चल रही है। वहां से दोनों भाई दूसरे अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने नसीम खान को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद शव को लेकर घर वापस चले आए। गांव में तरह–तरह की चर्चा हो रही है। मृतक सपा नेता के तीन पुत्र व एक पुत्री और पत्नी है। सब का रो–रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष कोपागंज अमित मिश्रा ने बताया कि नसीम खान अपने दोस्तों के साथ पार्टी में गए थे। वहीं उनकी हालत बिगड़ी, परिजन अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मामले में छानबीन किया जा रही है।

## अयोध्या में होली पर उड़ा आस्था का रंग : संतों ने रामलला और हनुमानगढ़ी में खेली होली

अयोध्या राम नगरी अयोध्या में संतो ने अपने आराध्य के संग होली खेली। ब्रह्म मुहूर्त में हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला को अबीर गुलाल अर्पित कर होली की शुरुआत हुई। पूरे दिन अयोध्या होली के उल्लास में डूबी रही। राम जन्मभूमि में विराजमान रामलला ने नवीन वस्त्र धारण किया तो उन्हें विशेष पकवानों का भोग भी लगाया गया। शाम को कई मंदिरों में फूलों की होली खेली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को अबीर गुलाल अर्पित किया गया। राम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि भगवान को विशेष पकवानों का भोग लगाया गया। शाम को गर्भगृह परिसर में सांस्कृतिक संध्या सजी। संत एमबीदास सहित अन्य कलाकारों ने रामलला को होली के पद सुनाकर रिझाने की कोशिश की। हनुमानगढ़ी



के नागा संतो ने जमकर होली खेली। कनक भवन में भी दिन भर अबीर गुलाल उड़ता रहा। शाम को शास्त्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। लक्ष्मण किला में भी होली की शाम सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

## लखनऊ के पारा में स्कूटी सवार बदमाश ने डीसीएम चालक को मारी गोली : वजह का खुलासा नहीं

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के पारा इलाके में मंगलवार की देर रात एक डीसीएम चालक को स्कूटी सवार हमलावरों ने गोली मार दी। गोली चालक के जबड़े पर लगी। उसको इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। चालक मैनपुरी के कारोबारी के साथ गोंडा जनपद से बछड़े खरीद कर ले जा रहा था। कारोबारी की तहरीर पर हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज की गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर पारा टीबी सिंह ने बताया मैनपुरी निवासी पशु कारोबारी राजेश कुमार गोंडा जनपद से गाय के बछड़े खरीद कर मैनपुरी लेकर जाने के लिए मंगलवार की रात डीसीएस यूपी 83 एम 9800 से निकला था। डीसीएम को चालक मैनपुर निवासी प्रेम सिंह (50) चला रहा था। राकेश कुमार के मुताबिक, वह लोग रात करीब 12 बजे जब पारा के नहर मोड़ तिराहे पर पहुंचे, वैसे ही हेलमेट लगाए स्कूटी सवार एक हमलावर वहां पहुंचा और दाहिनी तरफ से चालक प्रेम सिंह को गोली मार दी। गोली प्रेम सिंह के जबड़े पर



लगी और वह बुरी तरह घायल हो गया। कारोबारी राजेश ने सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची पारा पुलिस ने फौरन प्रेम सिंह को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। वहीं कारोबारी राजेश कुमार ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ पारा थाने में हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर पारा के अनुसार अभी तक की गई छानबीन में हमले के पीछे की वजह का पता नहीं चल सका है। ना तो राजेश कुमार कुछ बता पाया है और ना ही घायल चालक प्रेम सिंह। बाकी मामले की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

## इबादत में गुजारी सारी रात मांगी गुनाहों की माफी : मजारों पर पढ़ी गई फातिहा

वाराणसी ब्यूरो : शब–ए–बरात की रात अकीदत के साथ गुजरी। अकीदतमंदों ने सारी रात गुनाहों की माफी मांगी और मजारों पर फातिहा पढ़ी। मंगलवार को शब–ए–बरात पर शहर भर में महफिलों का दौर चल रहा था, वहीं दूसरी तरफ घर पकवान की खुशबू से महक रहे थे। लोगों ने अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए मजार और कब्रिस्तानों पर दुआ मांगी। मंगलवार की शाम को जहां एक तरफ होलिका दहन की तैयारियां शुरू हुईं वहीं दूसरी तरफ मोमिनों ने शब–ए–बरात मनाया। शब–ए–बरात की इबादत करने के लिए शहर भर में कब्रिस्तानों और मजारों पर लोगों ने अपने पूर्वजों की मगफिरत की दुआ मांगी। नफिल नमाजे पढ़ीं और पवित्र कुरान की तिलावत करते रहे। हर किसी के लब पर यही दुआ जारी रही कि या परवरदिगार हमारे गुनाहों को बख्श दे। हमारे ऊपर रहमत नाजिल फरमा। घरों में मीठे पकवान पकाए गए। खास कर तरह तरह के हलवे बनाए गए। उस पर पुरखों की याद में नज्र कराई गई। उधर शिया समुदाय ने इस शब को 12वें इमाम मेहंदी की विलादत का जश्न मनाया। फातिहा पढ़कर गरीबों में खाना और वस्त्र भी वितरित किया गया। जामा



मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैयद फरमान हैदर ने बताया कि सर्वाधिक भीड़ पीलीकोठी और लाट सरैयां की ओर रही। सभी कब्रिस्तान पहुंचे और अपने पूर्वजों की याद में फातिहा पढ़ी और गरीबों में खाना बांटा। इस अवसर पर कई जगह महफिलें भी हुईं। शिया समुदाय के लोगों ने सुबह की नमाज पढ़ने के बाद गंगा और वरुणा नदी में अर्जी भी डाली। जो लोग नदी नहीं पहुंच सके अपने घर के पास के ही तालाब में अपनी अर्जी डालकर परवरदिगार से रहमत की दुआएं मांगीं। रोजी रोजगार और बरकत की दुआएं मांगी।

## पहाड़ों की बर्फबारी से बदला मैदान का मौसम : बूंदाबादी के कारण गिरा पारा

वाराणसी ब्यूरो : पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में भी मौसम बदल गया। बुधवार को सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी से मौसम में बदलाव आया। बूंदाबांदी के कारण लोगों ने सुबह हल्की सिहरन महसूस की। दिन चढ़ने के बाद भी धूप का तीखापन महसूस नहीं हो रहा था। अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। मौसम विज्ञानी प्रो. एसएन पांडेय ने बताया कि 30–40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे पहले चार मार्च 2020 को भी होली के दिन बारिश हुई थी। मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। मौसम के बदले रुख



के कारण किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। किसानों का कहना है कि खेतों में सरसों की फसल तैयार खड़ी है। इसके अलावा मटर, अलसी, मसूर भी खड़ी है। तेज हवा के साथ बारिश व ओले गिरने से दलहन और तिलहन फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, गेंहू में बाली आ चुकी है। ऐसे में अगर बारिश हुई तो फसल खराब होने की आशंका है।

## तेंदुए के हमले से बालिका घायल : जिला अस्पताल रेफर

बहराइच ब्यूरो : बहराइच जिले के नानपारा रेंज के भंडारी पुरवा गांव में एक किसान सरसो की फसल काट रहा था साथ में सात वर्षीय



बेटी भी थी। फसल कटाई के दौरान जंगल से निकल कर आए तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया। बालिका को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत ग्राम भंडारी पुरवा निवासी पराग यादव का खेत जंगल से सटा हुआ है। खेत में इस समय सरसो की फसल तैयार लगी है जिस पर पराग सरसो की फसल काट रहा था साथ मे बेटी रेनू यादव ( 7) के साथ पत्नी भी थी। पति और पत्नी सरसो की फसल काट रहे थे तभी जंगल से निकल कर आए तेंदुए ने बालिका को दबोच लिया। माता और पिता ने शोर मचाते हुए हांका लगाया। इस पर तेंदुआ बालिका को छोड़ कर जंगल की ओर चला गया। तेंदुए ने बालिका के गले पर हमला किया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाकर भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर, तेंदुए के हमले की जानकारी होने पर वन रक्षक रामानंद मिश्रा गांव पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना कर तेंदुए के हमले की पुष्टि की।

## कवियत्री डॉ.निरुपमा उपाध्याय व उपासना सुरेका हुई नारी शक्ति योद्धा सम्मान से सम्मानित

लक्ष्मणगढ़ – (सीकर) –: अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान टीम के सदस्य कवियत्री डॉक्टर निरुपमा उपाध्याय व उपासना सुरेका को नारी शक्ति योद्धा सम्मान से




सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए अभियान के सह–संयोजक आकाश झुरिया ने बताया कि शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अम्बालिका शास्त्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये सामाजिक कार्यों व विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा उत्थान के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यो को देखते हुए नारी शक्ति योद्धा सम्मान–2023 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को लेकर अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा ने शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री का आभार व्यक्त करते हुए टीम सदस्यों को शुभकामनायें प्रेषित की।

## टिकैत परिवार को मोबाइल फोन पर मिली बम से उड़ाने की धमकी : थाने में दर्ज कराया मुकदमा

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के परिवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। मोबाइल पर दी गई धमकी की जानकारी परिवार ने पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिवार को किसान आंदोलन से अलग होने की चेतावनी दी गई है। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के बेटे गौरव टिकैत के मोबाइल पर धमकी भरी कॉल मिली। गौरव ने बताया कि कई बार कॉल की गई है। पहले परिवार ने इसे किसी की शरारत समझा, लेकिन बार–बार कॉल आने की वजह से भौराकलां थाने में तहरीर दी गई है। धमकी देने वाले ने भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत और गौरव टिकैत को निशाना बनाया है। इससे पहले किसान आंदोलन के दौरान भी परिवार को कई बार धमकियां दी गई थी। भाकियू नेता ने सिविल लाइन थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।